दैनिक


# नईदुनिया


भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 255, पृष्ठ 12)
सोमवार 12 अगस्त, 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये


तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 24.3° | 20.6° |
| इंदौर | 26.1° | 24.4° |
| जबलपुर | 28.5° | 21.0° |
| ग्वालियर | 32.1° | 26.1° |



**राजधानी...** दूरस्थ अंचलों तक बेसिक लाइफ सपोर्ट की ...


**खेल...** नीरज चोपड़ा बोले- आने वाले समय में बेहतर प्रदर्शन ...


**व्यापार...** हिंडनबर्ग के आरोपों के बाद सोमवार को शेयर बाजार..


**देश-विदेश...** क्या पूर्व पीएम शेख हसीना लौटेंगी...


www.naiduniaonline.com

# विपक्ष भारत में आर्थिक अराजकता क्यों पैदा करना चाहता है : सुधांशु त्रिवेदी

नयी दिल्ली (एजेंसी)।

**हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने विपक्ष पर करारा हमला बोला है।उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग एजेंसियों की जांच का सामना कर रहा है।**

हिंडनबर्ग द्वारा सात समंदर पार से एक सुर उठाया जाता है और सारा विपक्ष उस में ताल मिलाने लगता है। विपक्ष संसद सत्र के साथ उसका संबंध जोड़ देते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि विपक्ष को यह पता था कि संसद सत्र के दौरान ही वो रिपोर्ट आनी थी। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से जब-जब संसद का सत्र चलता है तो विदेश से रिपोर्ट आती है। पिछले साल की हिंडनबर्ग रिपोर्ट, बीबीसी डॉक्यूमेंट्री बजट सत्र शुरू होने से ठीक पहले जारी किए गए थे, जो संदेह पैदा करता है। विपक्ष को इस तथ्य के बारे में अच्छी तरह से पता था कि संसदीय सत्र से पहले ऐसा कुछ होने वाला है। कांग्रेस और विपक्ष भारत में आर्थिक अराजकता पैदा क्यों करना चाहता है? एलआईसी और एचएएल को भी पहले बदनाम किया गया था। विपक्ष अब सेबी पर हमले कर रहा है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि आप देशी कंपनियों के पक्ष में खड़े रहते हैं और देशी कंपनियों पर अटैक क्यों करते हैं? मैं कांग्रेस पार्टी से जानना चाहता हूं कि विदेशी कंपनियों से आपका नाता कितना पुराना है? उन्होंने दावा किया था कि एलआईसी, एचएएल और एसबीआई घाटे में चल रहे थे। इस साल, एलआईसी ने 17,000 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया। एसबीआई ने 21,000 करोड़ रुपये और एचएएल ने 29,000 करोड़ रुपये लाभ दर्ज किए, जो अब तक के उच्चतम स्तर पर हैं।



राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने 1984 में यूनियन कार्बाइड, 1987 में बोफोर्स, अगस्ता वेस्टलैंड और हाल ही में बीबीसी और हिंडनबर्ग जैसे उदाहरणों का हवाला देते हुए कांग्रेस पार्टी पर विदेशी संस्थाओं का समर्थन करने का इतिहास होने का आरोप लगाया। संसद सत्र के समापन को लेकर उन्होंने कहा कि संसदीय सत्र की तारीखें बिजनेस एडवाइजरी कमेटी द्वारा निर्धारित की जाती हैं, जिसमें केवल सत्तारूढ़ दल ही नहीं, बल्कि सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। कांग्रेस और विपक्ष लगातार आर्थिक अस्थिरता और अराजकता क्यों फैलाना चाहती है? सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों ने संसद सत्र से पहले एक विदेशी एजेंसी की रिपोर्ट ( शेष पेज 2 पर )

## सेबी प्रमुख ने हिंडनबर्ग के आरोपों को किया खारिज



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच ने हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा उन पर लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह %चरित्र हनन करने का प्रयास% है, क्योंकि सेबी ने पिछले महीने नेट एंडरसन के नेतृत्व वाली कंपनी को नियमों का उल्लंघन करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया था। शेयर बाजार नियामक ने पिछले महीने कहा था कि हिंडनबर्ग और एंडरसन ने %सेबी के धोखाधड़ी और अनुचित व्यापार प्रथाओं की रोकथाम के नियमों और सेबी के रिसर्च एनालिस्ट के लिए बनाई गई आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन किया है। बुच दंपत्ति ने साझा बयान में कहा है कि 10 अगस्त की हिंडनबर्ग रिपोर्ट में उनके खिलाफ जो भी आरोप लगाए गए हैं, वे पूरी तरह से तथ्यहीन हैं और हम उन्हें सिरे से खारिज करते हैं। बयान में कहा गया कि दंपति की जिंदगी और उनका फाइनेंस एक खुली किताब की तरह है।

## बड़े घोटाले की जांच के लिए जेपीसी जरूरीः खरगे



अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा सेबी की अध्यक्ष माधबी बुच के खिलाफ लगाए गए आरोपों के मद्देनजर कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस 'बड़े घोटाले' की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की जरूरत है। खरगे ने आरोप लगाया कि जब तक जेपीसी इस मुद्दे की जांच नहीं करती, तब तक यह चिंता बनी रहेगी कि ''पिछले सात दशकों में कड़ी मेहनत कर बनाई गई भारत की संवैधानिक संस्थाओं से समझौता करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने सहयोगी को बचाते रहेंगे।'' कांग्रेस ने कहा कि सरकार को अडाणी समूह की नियामक की जांच में सभी हितों के टकराव को खत्म करने के लिए तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने मामले की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराने की अपनी मांग दोहराई। खरगे ने 'एक्स' पर लिखा, ''जनवरी 2023 की हिंडनबर्ग रिपोर्ट के खुलासे के बाद सेबी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहयोगी अडाणी को उच्चतम न्यायालय में क्लीन चिट दे दी थी।

# मंडला से भी प्रारम्भ होगी पीएमश्री वायु सेवाः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### बम्हनी को तहसील का दर्जा देंगे, 6 करोड़ से विकसित होगी ग्वारा हवाईपट्टी



भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने मंडला प्रवास के दौरान अनेक सौगातें देते हुए ग्वारा में हवाई पट्टी विकसित करने के लिए 6 करोड़ रुपये प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मंडला से भी शीघ्र ही पीएमश्री वायुसेवा प्रारंभ की जाएगी।**

साथ ही बम्हनी के महाविद्यालय में पीजी कोर्सेस प्रारंभ किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बम्हनी को उप तहसील से तहसील का दर्जा देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि गेहूं की तरह अब धान की खरीदी पर भी बोनस दिया जायेगा। साथ ही दुग्ध उत्पादक किसानों को भी बोनस राशि दी जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मंडला जिले के बम्हनी में रक्षाबंधन सह श्रावण उत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंद्र देव के आशीर्वाद के बीच बम्हनी की बहनों का स्नेह और प्यार अद्भुत है। यहां पर हर घर से राखी बंधकर आयी है। यह बहनों का प्यार बड़ा ही स्मरणीय हो गया है। उन्होंने कहा कि 10 अगस्त को बहनों के खातों में राशि प्रदान की गई है। बात सिर्फ रुपये पैसों की नहीं है, बल्कि बहनों की सुविधाओं की है। बहनें योजना से मिली इस राशि से राखी के अलावा कई सामग्री खरीदती है। परिवार में जब भी रुपये आते है बहनें रुपयों का सदैव सद्उपयोग करना जानती है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है। श्रावण मास त्यौहारों की श्रृंखला का पर्व है। उन्होंने कहा कि वे पहले सिर्फ एक विधानसभा की बहनों के साथ राखी पर्व मनाते रहे हैं, अब से पूरा प्रदेश उनका ही परिवार हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश रानी दुर्गावती का 500वाँ जन्मदिन मना रहा है। मंडला की धरती ( शेष पेज 2 पर )

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में मुठभेड़ तलाशी अभियान जारी

**जम्मू ( एजेंसी )**।जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के सुदूर जंगल में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच रविवार तड़के मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने जिले में मचैल माता मंदिर में दर्शन के लिए जाने वाले तीर्थयात्रियों को पर्याप्त सुरक्षा का आश्वासन दिया और कहा कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। आतंकवादियों की आवाजाही की सूचना मिलने के बाद जब पुलिस ने सेना और अर्धसैनिक बलों की मदद से नौनट्टा, नागसेनी पेयास और आसपास के इलाकों में खोजबीन अभियान शुरू किया, तो दोनों पक्षों के बीच थोड़ी देर के लिए मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गये हैं और घने जंगल में भागे गये आतंकवादियों की तलाश के लिए अभियान जारी है। एक दिन पहले ही दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग जिले के कोकेरनाग जंगलों में भीषण गोलीबारी में सेना के दो जवान-हवलदार दीपक कुमार यादव और लांस नायक प्रवीण शर्मा शहीद हो गये थे तथा पांच अन्य घायल हो गये थे।

## भूस्खलन प्रभावित वायनाड में तीन और शव मिले

वायनाड (एजेंसी)।केरल के वायनाड में कंथनपारा झरने के पास तीन और शव तथा लापता भूस्खलन पीड़ितों के शरीर के दो अंग मिले हैं, जिन्हें शनिवार को हवाई मार्ग से मेप्पाडी तालुक के अस्पताल ले जाया गया। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इसके साथ ही अब तक विभिन्न स्थानों से बरामद शवों और पीड़ितों के अंगों की कुल संख्या क्रमशः 229 और 198 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि सड़ी-गली लाशों को झरने के पास अनयादिक्कप्पु से हेलीकॉप्टर की मदद से निकाला गया और सुबह अस्पताल पहुंचाया गया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि शवों को दुर्गम रास्तों सहित विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए हवाई मार्ग से लाया गया। इस

# भारी वर्षा के चलते कर्नाटक के तटीय इलाकों में भूस्खलन

**बैग्लुरू ( एजेंसी )**। भारी वर्षा से कर्नाटक के तटीय इलाकों में लगातार जारी भूस्खलन की घटनाओं के बीच, दक्षिण कन्नड़ जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इस क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित पुलों की स्थिति एवं उनकी सुरक्षा के संबंध में अपनी रिपोर्ट न पेश करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिलाधिकारी मुल्लई मुहिलन ने सभी संबद्ध अधिकारियों को इस संबंध में अगले चौबीस घंटों के भीतर अपनी रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी कार्यालय में सड़क और पुल सुरक्षा को लेकर आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने दोनों विभागों की ''लापरवाही पर'' नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग और जिला मुख्य सड़कों पर स्थित पुलों की सुरक्षा रिपोर्ट देने के लिए पहले ही निर्देश दिए गए थे लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग ने अभी तक इस संबंध में अपनी रिपोर्ट नहीं सौंपी है।

## लगातार बारिश से हर कहीं पानी-पानी, 68 एमएम बारिश दर्ज

**दौसा ( एजेंसी )**। जिले में लगातार हो रही बारिश से खेत खलिहान और ताल तलैया सब छलक उठे हैं। रविवार को भी बारिश का दौर जारी रहा। सुबह से लेकर दोपहर तक हुई झमाझम बारिश ने चारों ओर पानी ही पानी कर दिया। दौसा शहर में कहीं तेज तो कहीं रिमझिम बारिश भी देखने को मिली। सुबह 8ः00 से दोपहर 1ः00 बजे तक कलेक्ट्रेट स्थित तहसील मुख्यालय पर दौसा में 68 एमएम बारिश दर्ज की गई। जबकि शहर में सिंचाई विभाग कार्यालय पर 28 एममएम बारिश दर्ज हुई।

## दिल्ली के कई इलाकों में बारिश न्यूनतम तापमान 26 डिग्री से.

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में रविवार सुबह बारिश हुई, जिससे कुछ इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में पिछले 24 घंटे में 2.9 मिलीमीटर बारिश हुई। आईएमडी ने बताया कि रविवार को राजधानी में न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। दिल्ली यातायात पुलिस ने छावला स्टैंड के पास जलभराव और तीन क्लस्टर बस के खराब होने के कारण नजफगढ़ फिरनी रोड पर यातायात प्रभावित होने की जानकारी दी।

**खास-खबर**

## प्रधानमंत्री मोदी ने नटवर सिंह के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )**। राजस्थान के भरतपुर जिले में जन्मे नटवर सिंह 2004-05 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में विदेश मंत्री थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के निधन पर शोक जताया और कूटनीति व विदेश नीति में उनके योगदान की सराहना की। लंबे समय से बीमार नटवर सिंह का शनिवार देर रात निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, नटवर सिंह के निधन से दुखी हूं। उन्होंने कूटनीति और विदेश नीति की दुनिया में समृद्ध योगदान ( शेष पेज 2 पर )

# प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो पायलट घायल

गुना (काप्र)।

**मध्य प्रदेश के गुना जिले में रविवार को शा-शिब एविएशन एकेडमी का एक प्रशिक्षु विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में दो पायलट घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है।**

गुना हवाई पट्टी से रविवार दोपहर एक प्रशिक्षु विमान (टू सीटर एयरक्राफ्ट 152) ने उड़ान भरी। उड़ान भरने के बाद एयरक्राफ्ट का संतुलन बिगड़ा और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आधिकारिक तौर पर दुर्घटना की वजह का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि इंजन में कोई गड़बड़ी आने के बाद ही हादसा हुआ है। हादसे के बाद विमान का मलबा बिखरा हुआ है और वहां फायर ब्रिगेड की



गाड़ी पहुंच चुकी है। इस मामले में अधिकारियों की ओर से किसी तरह का आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। जांच के लिए जरूर अधिकारी मौके पर पहुंच रहे हैं। गुना कैंट थाना के प्रभारी दिलीप राजोरिया ने बताया कि गुना एयरपोर्ट से साढ़े 12 बजे एक ट्रेनी ( शेष पेज 2 पर )

# हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ व्हाइट हाउस के बाहर प्रदर्शन

वाशिंगटन (एजेंसी)।

**बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के लिए खिलाफ अमेरिका में वाशिंगटन डीसी स्थित व्हाइट हाउस के बाहर हिंदू समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया।**

अमेरिकी राष्ट्रपति के निवास व्हाइट हाउस के बाहर प्रदर्शन करने वाले लोगों में अमेरिकी हिंदू, भारतीय-अमेरिकन और बांग्लादेशी-अमेरिकन के लोग शामिल हैं। ये लोग बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्यक हिंदुओं के नरसंहार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। व्हाइट हाउस के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोग, बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का आरोप पाकिस्तान की सरकार और वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई पर लगा रहे हैं और तुरंत हिंसा रोकने की अपील कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और विदेश एंटनी ब्लिंकन से बांग्लादेश मुद्दे पर हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान भारत और दक्षिण एशियाई मूल के करीब 100 से 150 लोग मौजूद थे। उसमें से कुछ 1971 में हुई हिंसा के पीड़ित भी थे। इससे पहले, देशव्यापी हिंसा, अराजकता और अशांति के बीच शनिवार को हजारों हिंदू बांग्लादेश के मध्य में चिट्टागोंग में एकत्र हुए थे। उन्होंने देश के भीतर हिंदुओं पर हो रहे हमले के खिलाफ एक विशाल विरोध रैली निकाली और सुरक्षा तथा समान अधिकारों की मांग की। बता दें 5 अगस्त को बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद से बांग्लादेश के 52 जिलों में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों, विशेषकर हिंदुओं के उत्पीड़न की असंख्य घटनाएं सामने आई हैं। चिट्टागोंग के ऐतिहासिक चेरगी पहाड़ चौराहे पर आयोजित विशाल विरोध रैली को लेकर अनुमान लगाया गया कि इसमें सात लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिसमें हिंदुओं के खिलाफ चल रही हिंसा का विरोध किया ( शेष पेज 2 पर )

**स्पेशल खबर** *दोनों देश अपने सहयोग को आधुनिक साझेदारी में बदलने की आकांक्षा रखते हैं...*

# भारत के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में प्रमुख साझेदार है मालदीव

माले (एजेंसी)।

**विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का एक प्रमुख साझेदार है तथा दोनों देश अपने सहयोग को आधुनिक साझेदारी में बदलने की आकांक्षा रखते हैं।**

जयशंकर ने अड्डू पुनर्ग्रहण और तट संरक्षण परियोजना का हस्तांतरण समारोह और एक्जिम बैंक की ऋण सहायता के तहत भारत सरकार की मदद से बनाई गई 4-लेन डेटोर लिंक सड़क परियोजना के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। इस अवसर पर मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर भी मौजूद थे। जयशंकर ने कहा, ''मालदीव हमारे लिए हिंद महासागर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण साझेदार है। यह 'पड़ोसी प्रथम' की हमारी नीति के केंद्र में है। और इसलिए यह बहुत ही स्वाभाविक है कि हमारे दोनों देशों के बीच सहयोग पारंपरिक भूमिका से आगे बढ़ गया है तथा आज वास्तव में एक आधुनिक साझेदारी बनने की आकांक्षा है।'' उन्होंने कहा, ''विकास के क्षेत्र में हमारे सहयोग का उद्देश्य लोगों के जीवन के सभी पहलुओं को छूना और उनके जीवन में इसके ठोस लाभ लाने के तरीके खोजना है।'' जयशंकर ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने मालदीव में लगभग 22 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत मालदीव में क्षेत्रीय विकास को कितना महत्व देता है। विदेश मंत्री ने कहा, ''आज हम अन्य देशों के अलावा सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक हैं। हम भारत से मालदीव में अधिक निवेश प्रवाह भी देख रहे हैं, खासकर पर्यटन क्षेत्र में।'' उन्होंने कहा कि भारत ने मालदीव सरकार के साथ अड्डू पुनर्ग्रहण और तट संरक्षण परियोजना में साझेदारी की है, ताकि इसे एक क्षेत्रीय केंद्र के रूप में विकसित करने का एक स्थायी तरीका ( शेष पेज 2 पर )



# सीजेआई ने डॉक्टरों में सहानुभूति की जरूरत पर बल दिया

चंडीगढ़ (एजेंसी)।

**भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को युवा डॉक्टरों में अपने मरीजों के प्रति सहानुभूति और करुणा की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए प्रसिद्ध फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' के एक दृश्य का हवाला देते हुए कहा कि चिकित्सा का अंतिम उद्देश्य मानवता का भला करना है।**

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि भारत नवाचार के क्षेत्र के अग्रणी देशों में से एक है, लेकिन इसके लाभ बहुत कम लोगों तक ही सीमित हैं। उन्होंने डॉक्टरों से स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रगति को सभी के लिए सुलभ बनाने का आग्रह किया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ यहां स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआई एमईआर) के 37वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर युवा चिकित्सकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पीजीआई एमईआर भारत में कई चिकित्सा प्रगति और नवाचारों की आधारशिला रहा है और पिछले 62 वर्षों से उत्कृष्टता का प्रतीक बना हुआ है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''आज जब आप स्नातक हो रहे हैं तो आप उन दिग्गजों का अनुसरण कर रहे हैं, जो चिकित्सा विज्ञान के विकास में अग्रणी रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि चिकित्सा और कानून दोनों ही पेशे एक समान लक्ष्य रखते हैं, न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने चिकित्सकों के बीच करुणा और सहानुभूति की आवश्यकता को रेखांकित करने के लिए संजय दत्त अभिनीत फिल्म 'मुन्ना भाई एमबीबीएस' के एक दृश्य का जिक्र ( शेष पेज 2 पर )

